


## एक नजर में

### प्रजापति बने तहसील अध्यक्ष



**महिदपुर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला बैठक बड़नगर रोड मुरलीपुरा उज्जैन गायत्री माता मंदिर कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मालवा प्रांत संगठन महामंत्री संजय यादव, मुकेश पाटीदार, आकाश माली, संतोष पाटीदार, किशोर शेरा की उपस्थिति में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल तहसील अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति को नियुक्त किया गया। बैठक में नगर अध्यक्ष राजू यादव, दीपक बागवान, शिवम चौधरी, अभिषेक चौधरी, चंदन माली, कुलदीप शर्मा, तराना तहसील अध्यक्ष विजेंद्रसिंह पवार उपस्थित रहे।

### नवोदय में मॉडल यूथ ग्राम सभा प्रशिक्षण संपन्न, शिक्षको को दिया प्रशिक्षण

**घट्टिया।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्थानीय स्वशासन से परिचय और ग्राम विकास की जानकारी हेतु विद्यालय में मॉडल ग्राम सभा का संचालन कर ग्राम सभा की गतिविधियों का प्रशिक्षण शिक्षको को दिया गया। उक्त आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण संस्थान, जनजातीय मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त उद्यम, भारत सरकार द्वारा मॉडल ग्राम सभा का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जिसमें प्रशिक्षण में नवोदय के उज्जैन क्लस्टर के विभिन्न 9 विद्यालयों से एक पीजीटी एवं एक टीजीटी सहित कुल 16 प्रशिक्षार्थियों को मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग प्रदान की गई। उक्त प्रशिक्षण के बाद शिक्षक अपने अपने विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थीयों को ग्राम सभा आयोजन की गतिविधियों से अवगत कराएंगे। उपरोक्त ट्रेनिंग नेशनल लेवल मास्ट ट्रेनर नवीन शिवा, एनआईडी एनएआरडी द्वारा दी गई। कार्यक्रम का आयोजन संपर्क अधिकारी डॉ. अलका कोठारी एवं संचालन डॉ. दीप्ति जोशी ने व आभार उपप्राचार्य एस के चौधरी ने माना। कार्यक्रम में प्राचार्या किरण महस्के सहित शिक्षक उपस्थित थे।

### विधायक बोस ने चौपाल पर सुनी लोगों की समस्याएं

**घट्टिया।** विधायक दिनेश जैन बोस शुक्रवार को जगोटी पहुंचे, यहां एक घंटे तक चौपाल पर लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना व एसडीएम महिदपुर सहित अन्य अधिकारियों को मोबाइल पर फोन लगाकर निर्देश दिए। कांग्रेस के जगोटी सैक्टर प्रभारी रवि बोड़ाना ने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रहे पात्र अभ्यर्थियों की जानकारी दी, वहीं किसान गोपाल सिंह पटेल ने फसल बीमा से दो साल से वंचित किसानों की समस्याएं बताई, ग्रामीण नारायण पंवार, बद्रीलाल परथाजी, सुरेश पंवार, नारायण सिंह भाभा द्वारा अधिक बारिश से कच्चे मकानों को हुए नुकसान को लेकर हस्तक्षेप का आग्रह किया

### 23 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि दिवस पर 1 लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी एलबेंडाजोल गोली



**बड़नगर।** बड़नगर विकासखंड में 23 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशन हेतु एलबेंडाजोल गोली दी जाएगी। यह अभियान आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों, छात्रावासों, निजी एवं शासकीय विद्यालयों में संचालित होगा। इस वर्ष 1 लाख 8 हजार 728 बच्चों और 28 हजार प्रजनन योग्य महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए जनपद पंचायत में शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें आगामी दो दिनों में आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों को आयरन सिरप, पिंक और नीली आयरन टेबलेट मंगलवार को नि:शुल्क दी जाएगी। कार्यशाला में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा की जानकारी दी गई और 2025 तक टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी राधेश्याम परमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजेंद्र अजनार, प्रशिक्षक दिनेश पंचोली, कार्यक्रम व्यवस्थापक किरण मंडलोई सहित सभी नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।

### राज व युवराज का संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयन




**घट्टिया।** जिनियस एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल के खिलाड़ी राज राठौर पिता प्रेम राठौर निवासी घट्टिया व युवराज सिंह सोलंकी पिता राजेंद्र सिंह सोलंकी निवासी रालयती का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। चयनित खिलाड़ी युवराज सिंह और राज राठौर ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसके बाद उनका चयन संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता (अंडर 14) जो 22 सितम्बर को बड़नगर में आयोजित होगी। खिलाड़ियों के चयन पर जिनियस एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल की प्राचार्या अर्चना शर्मा, डायरेक्टर महेन्द्र सिंह डोडिया, व्यायाम शिक्षक प्रीतम सिंह पंवार, कुसुम जाटव, ब्लाक प्रबंधक वीरेंद्र भाटिया एवम खेल एवम युवा कल्याण विभाग समन्वयक बलवीर सिंह पंवार द्वारा पुष्प, माला पहनाकर बधाई दी।

### श्री हरसिद्धि भक्त मंडल की साधारण सभा संपन्न



उज्जैन। श्री हरसिद्धि भक्त मंडल उज्जैन की साधारण सभा की बैठक 17 सितंबर को मंदिर प्रांगण स्थित सम्राट विक्रमादित्य सभागृह में आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2024-25 का आय व्यय प्रस्तुत किया गया एवं 51 वें शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। श्री हरसिद्धि भक्त मंडल की नवीन कार्यकारिणी का मनोनीत की गई। जिसमें सरक्षक पं. आनंदशंकर व्यास, शिवनारायण चौबे, राजेंद्र व्यास, राजेंद्र जोशी, ज्ञान सिंह कुशवाहा, ज्ञानेश्वर दुबे, प्रमेंद्र यादव अध्यक्ष, संतोष जाधव, वीरेंद्र नामदेव, पवन नागर, प्रवक्ता वीरेंद्र शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य जगदीशचंद्र शर्मा, वीरेंद्र परमार, अवधेश माथुर, सीताराम मीणा, राजेश नागर, सत्यनारायण तोनगरिया, महेशसिंह बैंस, विजय तिवारी, निलेश कसेरा, राजेश अखंड, अंजना शुक्ला, रानी दुबे, कल्पना नायक विशेष अतिथि योगेश शर्मा, तारा बागरिया को मनोनीत किए गए। साधारण सभा का संचालन ज्ञानेश्वर दुबे ने किया, आभार शिवनारायण चौबे ने माना।

## नगर पालिका परिषद नागदा ने लिया स्वच्छता अभियान का संकल्प

**नागदा। नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का शुभारंभ स्थानीय डे केयर सेंटर पर नगर पालिका अध्यक्ष संतोष गहलोत की अध्यक्षता एवं विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सुल्तान सिंह शेखावत, जिला महामंत्री राकेश यादव, ओपी गहलोत, विजय पटेल, प्रकाश जैन, भावना रावल, अनीता मीणा एवं ओम प्रकाश चौहान, संजय जवेरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे।**




कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीके सुमन ने सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर डे केयर सेंटर पर पौधारोपण भी किया गया। पखवाड़े के अंतर्गत नगर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। जिनमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक जनजागरूकता अभियान, चामुंडा माता मंदिर सहित विभिन्न स्थलों पर विशेष सफाई अभियान, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता संदेश, दशहरा मैदान की सफाई, शासकीय विद्यालयों में पौधारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता, ग्राम पाडल्या कला में स्वास्थ्य शिविर, बस स्टैंड व सार्वजनिक स्थलों की सफाई, नगर के सभी शौचालयों की सफाई, उत्कृष्ट सड़कों की सफाई, चामुंडा माता मंदिर चंबल नदी पर श्रमदान, अटल उद्यान एवं स्विमिंग पूल की सफाई तथा स्वच्छता रैली जैसे आयोजन प्रमुख रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान के आव्हान को सफल बनाने हेतु नगर पालिका परिषद नागदा ने भी शहर के समस्त 36 वार्डों में नालियों की सफाई, रोड की सफाई, डीटीटी पाउडर का छिड़काव, फॉगिंग मशीन से मच्छरों पर नियंत्रण एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत स्वीकृत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, जिनमें लालू पिता मधुजी, इमरान रहमानी पिता जुल्फिकार रहमानी, रमेश पिता हरिराम जी, दलशेर खां पिता मोहम्मद खाँ एवं रेखा भाटिया पति दिनेश भाटिया शामिल रहे। संचालन नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने किया तथा आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीके सुमन द्वारा व्यक्त किया गया। जानकारी नगर मंडल के मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।



### स्वच्छता व सेवा से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं-एसडीएम हिंगे

**घट्टिया।** समाज में रहकर यदि हम स्वच्छता व जरूरतमंद लोगों की सेवा का कार्य करते हैं तो इससे बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है। स्वच्छता को जीवन का मूलमंत्र बनाना चाहिए। उक्त उद्गार महिदपुर एसडीएम अजय हिंगे ने जगोटी से छ: किमी पश्चिम में गांगी नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता ही सेवा है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के समक्ष व्यक्त किए। आपने नागरिकों के साथ गांगी नदी के घाटों पर सफाई की व मंदिर के समीप औषधीय गुणों के पौधे लगाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत महिदपुर की सीईओ मीना झा, एपीओ कमल पाटीदार, श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति अध्यक्ष भेरुसिंह आंजना, सरपंच प्रतिनिधि अंतरसिंह आंजना महूडी, लालसिंह चौधरी मालीखेडी, पूर्व उपसरपंच अशोक हेड़ा, देवीगिरी मैलानिया, रमेशचंद्र जाट, पटवारी नरेंद्र राठौड़ सहित ग्राम महूडी, महूडीपुरा, मैलानिया, हिंगोनिया, मालीखेडी, जगोटी आदि के गणमान्य नागरिक गण मौजूद थे। इससे पूर्व एसडीएम व अन्य लोगों ने श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

## महाविद्यालय की छात्रा डिंपल राठौर ने जीता प्रोत्साहन पुरस्कार

**माकड़ोन। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास महानंदा नगर उज्जैन द्वारा निर्मला महाविद्यालय, निर्मला शिक्षा महाविद्यालय उज्जैन, शासकीय महाविद्यालय माकड़ौन व समस्त संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी पखवाड़े के तहत 15 सितंबर से 20 सितंबर तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखलाओं का आयोजन किया जा रहा है।**



15 सितंबर को उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में माकड़ौन महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ.नमन सारस्वत एवं डॉ. नीता जाधव की अतिथियों के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। इसी तारतम्य 16 सितंबर को निर्मला महाविद्यालय ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था सोशल मीडिया में हिंदी भाषा की भूमिका।

इस प्रतियोगिता में कई महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के लगभग 160 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता की। इस निबंध प्रतियोगिता में माकड़ौन महाविद्यालय की छात्रा डिंपल राठौर ने प्रोत्साहन पुरस्कार जीतकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

डिंपल की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ ने छात्रा को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इस निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में माकड़ौन महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.ओम प्रकाश गुप्ता एवं डॉ. कमल जटिया शामिल थे।

## कल चंबल तट पर सामूहिक तर्पण व पिंडदान से 71 पीढ़ियों का मोक्ष मार्ग प्रशस्त

**सर्वपितृ अमावस्या पर फलाहारी बाबा मंदिर, नि:शुल्क आयोजन में ब्राह्मण युवाओं द्वारा समरसता एवं जनकल्याण की सार्थक पहल**

**नागदा।** सर्वपितृ अमावस्या (शनिश्वरी अमावस्या) के पावन अवसर पर चंबल तट स्थित फलाहारी बाबा मंदिर परिसर में प्रात: 7.30 बजे से सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान का नि:शुल्क आयोजन 21 सितंबर रविवार को संपन्न होगा।

आयोजन संयोजक निलेश मेहता ने बताया कि महालय श्राद्ध पक्ष की पूर्णाहुति के रूप में यह कार्यक्रम प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनकल्याण हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पितरों की आत्मशांति एवं कुटुंब की 71 पीढ़ियों के मोक्ष हेतु वैदिक आचार्यों द्वारा तिलांजलि, जलांजलि एवं पिंडदान विधिविधान से कराया जाएगा। कार्यक्रम का पूजन एवं तर्पण कार्य आचार्य पं. अजय पंड्या एवं पं. दीपक पंड्या के सान्निध्य में पं. अक्षत व्यास एवं पं. दिव्यांश पण्ड्या के वैदिक मंत्र से सम्पन्न होगा। आयोजन में पूजन सामग्री की सेवा समाज के शेखर जोशी द्वारा की जाएगी, सभी आगंतुकों के लिए फलाहार व्यवस्था रहेगी। यह आयोजन विगत एकादश वर्षों से अनवरत रूप से नि:शुल्क कराया जा रहा है, जिससे उन परिवारों को भी पितृकर्म करने का अवसर प्राप्त हो सके जो आर्थिक कारणों से धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर पाते।

संयोजक ने बताया कि पितृपूजा में पुरुष श्रद्धालुओं के लिए सफेद वस्त्र या सफेद धोती धारण करना श्रेष्ठ माना गया है।

स्वयं के उपयोग हेतु श्रद्धालुजन साथ में 1 आसन, 1 थाली, 1 लोटा, 1 परात, 1 छोटी बाल्टी, 1 फल, 1 मिट्टी का दीपक एवं कुशा का आसन लेकर पधारें। शेष सभी आवश्यक सामग्री पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सैकड़ों श्रद्धालुजन प्रतिवर्ष इस आयोजन में सम्मिलित होकर अपने पूर्वजों का श्राद्धकर्म कर पितृ ऋण से उऋण होते हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में सनातन परंपराओं का संरक्षण और समाज में धार्मिक संस्कारों का संवर्धन करना है।

पितृ श्रद्धांजलि के लिए नगर हित में ब्राह्मण युवाओं द्वारा आयोजित धर्मार्थ कार्य में सपरिवार सम्मिलित होने का आग्रह कार्यक्रम संयोजक निलेश मेहता संयोजक युवा संस्कार परिवार ब्राह्मण समाज नागदा,

आचार्य अजय पंड्या अध्यक्ष श्री सहस्त्र औदिच्य ब्राह्मण समाज युवा संगठन, आचार्य दीपक पण्ड्या, पंडित अक्षत व्यास, पंडित दिव्यांश पण्ड्या, शेखर जोशी, दिलीप पोरवाल, सत्तू पोरवाल, डॉ. प्रदीप रावल, डॉ. अनिल दुबे, हनुमान प्रसाद शर्मा, हेमंत त्रिपाठी, जुगल अरोरा, वर्षा मेहता, मुकुंद मेहता, तेज प्रसाद भट्ट ताल वाले, सुनील पटवारी, जितेंद्र ओझा, आशीष उपाध्याय, हिमांशु शर्मा आदि के द्वारा किया गया।

## भाजपा नगर मंडल ने किया रक्त दान शिविर का आयोजन

**खाचरौद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर आयोजन भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल और खाचरोद ग्रामीण के उत्तर दक्षिण मंडल द्वारा संयुक्त रूप से सिंदूर रक्तदान सेवा समिति के सहयोग से सिविल अस्पताल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में किया गया।**




रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और कुल 78 यूनिट रक्तदान किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल समाज सेवा के महत्वपूर्ण कार्य हैं, बल्कि ये लोगों को एकजुट करने और मानवता की भावना को बढ़ावा देने में भी सहायक होते हैं आज के रक्तदान में बड़ी संख्या में जनभागीदारी प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान व स्नेह को प्रदर्शित करती है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अश्विन डिंडोलकर, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष मनीषा अखिलेश शर्मा, उत्तर मण्डल अध्यक्ष दक्षिण मण्डल अध्यक्ष जयदीपसिंह सोनगरा कार्यक्रम संयोजक सूर्यप्रकाश शर्मा, भरत कांकर, विजय सेठी, राधेश्याम बंबोरिया विनोद चतुर्वेदी, अखिलेश शर्मा, सौरभ जैन, नितेश संगीतला, कल्पना बुडावनवाला, सुमित गेलड़ा, शांतिलाल चावला, गौरव शर्मा, प्रवीण जायसवाल, अमित सेठी, राकेश राठौर, जय जायसवाल, रेखा सेन रेखा भाटी, दिप्ती पोरवाल सहित बड़ी संख्या में नगर व ग्रामीण के रक्तदाता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खेल** | **उज्जैन संभाग रहा ओवरऑल चैम्पियन**

## 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**उज्जैन। 19 सितम्बर को 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रगारंग समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उ.मा.वि. महाराजवाड़ा क्रमांक 2 उज्जैन स्थित जिम्नाशियम हॉल में समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ।**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन-आलोट के सांसद अनिल फिरोजिया थे। अध्यक्षता उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने की। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री जगदीश पांचाल उपस्थित थे।

अन्तर्राष्ट्रीय निर्णायक एमजी सुपेकर, लोक शिक्षण सचांलनालय फील्ड ऑफिसर राजेश यादव एवं पर्यवेक्षक सहायक संचालक हेमन्त वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा, सहायक सचांलक महेन्द्र खत्री एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी पूरालाल शर्मा मंचासीन रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

पश्चात अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा, सहायक संचालक महेन्द्र खत्री एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी पीएल शर्मा ने किया।

लिटिल रोज उ.मा.वि. एवं शा. क.उ.मा.वि. सराफा की छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गई। स्वागत उद्बोधन एवं प्रतियोगिता के प्रतिवेदन का वाचन जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा ने किया। अतिथियों द्वारा जिम्नास्टिक एवं मलखंभ प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभिन्न संभागों के दल प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्या अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व समझाया। अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने दिया। प्रचार प्रसार समिति के संयोजक अमितोज भार्गव एवं संजय लालवानी ने बताया कि जिम्नास्टिक एवं मलखंभ प्रतियोगिताओं में ओवरऑल चैम्पियनशिप में उज्जैन संभाग विजेता व इन्दौर संभाग उपविजेता रहा। मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया ने 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के विधिवत समापन की घोषणा की एवं अतिथियों द्वारा ध्वजावतरण किया गया। संचालन शैलेन्द्र व्यास ने किया तथा आभार पूरालाल शर्मा ने माना।